





# कांग्रेसियों को सांसद के आवास से पहले पुलिस ने रोका, शंख-घंटी बजाकर जताया विरोध

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष-महापौर सहित नही पहुंचे कई वरिष्ठ नेता, कांग्रेस से ज्यादा मौजूद थी पुलिस, खानापूर्ति तक सीमित रहा विरोध

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, इंदौर शहर में दूषित पानी पीने से हुई मौत और नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा दिये गये बयान के विरोध में कांग्रेस ने रीवा सांसद के सरकारी आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कही ज्यादा सांसद आवास के बाहर मौजूद पुलिस ने बैरीकेट्स लगाकर पहले ही रोक लिया. जहा कांग्रेसियो ने शंख, घंटी बजाते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया.**

इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होने के बजाय खुद को दूर रखा. शहर अध्यक्ष अशोक पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से कार्यकर्ताओं की रैली दोपहर शुरू हुई और विरोध करने रीवा सांसद के शासकीय आवास पहुंची. जहा पहले से ही भारी पुलिसबल मौजूद था, सैनिक स्कूल गेट की तरफ से कांग्रेसी आगे बढ़े. जिन्हे पुलिस ने बैरीकेट्स के पहले ही रोक लिया. इस दौरान पुलिस और कांग्रेसियों के बीच तनातनी भी हुई लेकिन स्थित सामान्य रही. सांसद के आवास गेट से 50 मीटर पहले ही सभी को रोका गया. इस दौरान कांग्रेस जमीन में बैठकर नारेबाजी करते हुए शंख और घंटी बजाते रहे. कुछ देर तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद वापस लौट गये, जिसके बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली. विरोध प्रदर्शन में पूर्व विधायक विद्यावती पटेल, बबिता साकेत, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, लखनलाल खण्डेलवाल, अब्दुल शहीद मिस्त्री, मुतस्हाक खान, रामकीर्ति शर्मा, धनेन्द्र सिंह बघेल, अकरम अंसारी, अनूप चंदेल, पंकज उपाध्याय, विमल दुबे आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे.



### घरों से बाहर नही निकले वरिष्ठ कांग्रेसी

अति संवेदनशील मुद्दे को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सांसद-विधायक के घरो का घेराव किया गया. रीवा में सांसद के आवास विरोध करने कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे, लेकिन संख्या बहुत कम थी. वरिष्ठ कांग्रेस नेता घरो से बाहर नही निकले और खुद को विरोध से दूर रखा. कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कही ज्यादा पुलिस दिखाई दे रही थी. चुनाव के दौरान टिकट दावेदारो की संख्या सैकड़ा पार कर जाती है लेकिन जब जनता के हित और अति संवेदनशील मुद्दो को लेकर सड़क पर उतरने की बात आती है तो कांग्रेस नेताओ की संख्या सैकड़ा नही पहुंच पाती. विरोध के दौरान कई वरिष्ठ नेताओं के मौजूद न होने से खासकर जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा के न होने पर कार्यकर्ताओं और नेताओं का मनोबल टूट गया. अगर वरिष्ठ नेता साथ होते तो विरोध प्रदर्शन दिखाई देता. ऐसे में कैसे कांग्रेस सत्ता के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद कर पाएगी.

# उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं से ठिठुरा समूचा जिला



नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, कड़ाके की ठंड के बीच न्यूनतम तापमान स्थिर है जबकि दिन के अधिकतम तापमान में 24 घंटे के अंदर दो डिग्री का उछाल आया है. इस समय समूचा जिला गलन भरी ठंड और शीत लहर के चपेट में है.**

शनिवार को जहा कोल्ड-डे रहा, वही दूसरे दिन रविवार को धूप खिली रही और शीत लहर चलती रही. जिसके कारण ठंड से राहत नही मिली. शनिवार को जहा न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर रहा, वही दूसरे दिन भी तापमान में कोई बदलाव नही आया. लेकिन अधिकतम तापमान में दो डिग्री की उछाल आई और दिन का अधिकतम तापमान 19 डिग्री पहुंच गया. इस समय जिस तरह की ठंड पड़ रही है उससे हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है. चिकित्सको की माने तो ठंड से बचाव करना चाहिये, खासकर बुजुर्ग और बच्चो को, दिन भर हवाए पांच किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रही. भले ही धूप खिली थी बावजूद इसके ठंड से लोग काप रहे थे. दरअसल तेज हवाओ ने गलन भरी ठंड को बढ़ा दिया है. अभी कई दिनो तक उत्तर भारत से आने वाली ठंड हवाओ का असर रहेगा. पूरी जनवरी इसी तरह कड़ाके की ठंड पड़ेगी. रात के न्यूनतम तापमान में जरूर गिरावट आई है जिसके कारण रात के ठंड से कुछ राहत मिली है. इस बार नवम्बर के महीने से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई थी. यह तीसरा महीना है ठंड कम होने का नाम नही ले रही है. नगर निगम द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है.

## संक्षिप्त

### पाला से फसलों को बचाने की सलाह

**रीवा, 4 जनवरी,** जिले में एक सप्ताह से शीत लहर का प्रकोप है. तापमान में गिरावट तथा आसमान पर कोहरा छाने से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है. रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है. तापमान में गिरावट से फसलों में शीतलहर के प्रकोप की भी आशंका है. इसे ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए सलाह दी है. उन्होंने कहा है कि तापमान में गिरावट का सर्वाधिक असर दलहनी, तिलहनी तथा सब्जी की फसलों में होता है. दलहन और तिलहन फसलों में पाले का प्रकोप हो सकता है. रात्रि में 12 से 2 बजे के बीच मेड़ों पर कचरे को जलाकर धुआं करें. पाले से बचाव के लिये फसलों पर सल्फर का 0.1 प्रतिशत घोल बनाकर छिड़काव करें. इससे फसलों पर पाला का प्रभाव कम हो जाता है. उप संचालक कृषि ने पौधशाला के पौधों एवं क्षेत्र वाले उद्यानों व नगदी सब्जी वाली फसलों को टाट अथवा पालीथिन अथवा भूसे से ढ़कने का सुझाव भी दिया है.

### हनुमना बस स्टैण्ड में अलाव की व्यवस्था नहीं

**रीवा, 4 जनवरी,** मऊगंज जिले के नगर परिषद हनुमना के वार्ड क्रमांक 9 के स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान हनुमना स्थित बस स्टैंड प्रांगण में हमेशा यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है. मजे की ठंड में अलाव की व्यवस्था अभी तक नहीं हुई है. जबकि मऊगंज जिले के जिला अधिकारी द्वारा अलाव की व्यवस्था चिन्हित स्थानों में किए जाने के आदेश नगर परिषद अधिकारी को दिए गए थे आखिर सवाल या पैदा हो रहा है कि यह अलाव मुख्य नगर पालिका अधिकारी या उनके अधीनस्थ कर्मचारी कहां पर जला रहे हैं. नगर परिषद में केवल शासकीय राशि का का दोहन किया जा रहा है नगर के सामाजिक संगठनों एवं संभ्रांत नागरिकों ने यह आरोप लगाया है कि नगर परिषद में भीषण ठंड पड़ रही है. किंतु अलाव नहीं जलाया गया है जिले के कलेक्टर संजय जैन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अपील किया गया है कि नगर परिषद हनुमना के स्वामी माधवाचार्य की तपस्थली रामलीला मैदान सहित नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था शीघ्र कराई जाए ताकि जनमानस को ठंड से बचाव हो सके.



### सेवानिवृत्ति पर रामरूचि को दी गई विदाई

**रीवा, 4 जनवरी,** गुढ़ विद्युत वितरण केन्द्र में पदस्थ लिपिक रामरूचि दुबे को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई. विदाई के पश्चात अपने गृह ग्राम टौगा पहुंचे जहा परिवारजनो ने उनका स्वागत किया. श्री दुबे अपने नौकरी काल में विजली विभाग के सभी कर्मचारियों को अपने परिवार की तरह प्रेम व्यवहार दिए और एक साथ मिल कर काम किए सेवा निवृत्त होने के बाद श्री दुबे जहां अपने एक इस परिवार से विछडने का गम देखने को मिला वही विदाई समारोह में अपने परिवार से मिलने की प्रसन्नता भी देखने को मिला. विदाई समारोह गुढ़ बस स्टेशन में किया गया. जहा अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा श्री दुबे को श्रीफल एवं प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई. इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार यादव, सहायक अभियंता अंशुल नारायण जी, कनिष्ठ अभियंता रमाशंकर पाठक, वरिष्ठ लाइनमैंन, योगेन्द्र पांडेय, जमाहिर सिंह, विनोद पांडेय, सोनू ओझा, मोईन खान, शत्रुघन पटेल, पुष्पेंद्र विश्वकर्मा, गौरव मिश्रा, सुनील दुबे, सत्यप्रकाश चतुर्वेदी, जगन्नाथ चौरसिया, अजय तिवारी, शिवपानि मिश्रा, शंभू पटेल, अंबिका तिवारी, सतीश चतुर्वेदी, अनीश पाण्डे, अनिल पटेल, अरुण पटेल, प्रफुल्ल त्रिपाठी, बाबूलाल साकेत, पत्रकार इन्द्रभान उपाध्याय मौजूद रहे.

### मिट्टी के पोषक तत्व और गुण बताता है मृदा स्वास्थ्य कार्ड

**रीवा, 4 जनवरी,** भारत सरकार द्वारा स्वाइल हेल्थ कार्ड यानी मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना लागू की गई है. इस योजना के तहत किसान सिंचित क्षेत्र में 2.5 एकड़ तथा अंसिचित क्षेत्र में 10 एकड़ क्षेत्र से मिट्टी का नमूना लेकर उसकी जाँच कराते हैं. यह जाँच कृषि विभाग द्वारा की जाती है. कृषि विभाग द्वारा मिट्टी के नमूने लिए जाने पर इसकी जाँच पूरी तरह से नि:शुल्क रहती है. यदि किसान स्वयं सेंपल लेकर जाता है तो मिट्टी के नमूने की जाँच के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जाति के किसान को तीन रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसान को पाँच रुपए प्रति नमूना शुल्क देना होता है. मिट्टी में माइक्रो न्यूट्रेंट की जाँच कराने के लिए अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों को 30 रुपए तथा सामान्य वर्ग के किसानों को 40 रुपए शुल्क देना होता है. मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसान को उसके खेती की मिट्टी के गुणों तथा पोषक तत्वों की जानकारी मिलती है. इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि मिट्टी के पोषक तत्व के आधार पर किसान को उचित फसल की सलाह दी जाती है.

# पद्मधर पार्क में हुए आरआरएस के कार्यक्रम पर गुरूमीत सिंह ने उठाए सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, रीवा के पद्मधर पार्क में आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल पथ संचालन कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस नेता ने सवाल खड़े करते हुए पार्क में कार्यक्रम पर आपत्ति दर्ज कराई है.**

कांग्रेस के प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह मांगू ने बिना किसी शुल्क जमा किए नगर निगम के पार्क में कार्यक्रम आयोजित करने का आरोप लगाया है. कांग्रेस नेता ने कहा कि आखिर किसके कहने पर नगर निगम के पार्क में बिना शुल्क जमा किए बाल पथ संचालन का कार्यक्रम आयोजित किया गया.

उन्होंने नगर निगम आयुक्त से इस संबंध में मांग करते हुए कहा कि शीघ्र आयोजन समिति से पार्क का शुल्क जमा कराया जाए नहीं तो यह रीवा के सामाजिक संगठनों के साथ पूर्णत: अन्याय होगा. दरअसल आज शहर के पद्मधर पार्क में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का बाल पथ संचालन कार्यक्रम आयोजित किया. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल पथ संचलन कार्यक्रम को लेकर गुरमीत सिंह मंगू के द्वारा नगर निगम के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. मंगू का कहना है कि पद्मधर पार्क में किसी भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए मोटी रकम वसूली जाती है, लेकिन आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रम को निशुल्क किया गया. मंगू ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम भी जनहित में होते हैं तो फिर उन्हें निशुल्क क्यों नहीं किया जाता.

# आसमाजिक तत्वों ने अमवा गांव में ढ़हाया दरगाह, लोगों में आक्रोश



नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, रीवा में एक बार असमाजिक तत्वों ने सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने की नाकाम कोशिश की है. इस बाद असमाजिक तत्वों नें मुस्लिम समाज की आस्था पर ठेस पहुंचाते हुये प्राचीन दरगाह को ढहाते हुये कब्रिस्तान की कब्रो पर लगे शिलालेख को भी उखाड़ फेंके है.**

घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी है. मुस्लिम समाज के लोगों नें इस घटना को असमाजिक तत्वों की करतूत बताते हुये सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने की एक नाकाम कोशिश बताया है. फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे है. दरसअसल प्राचीन दरगाह को ढहाने की यह घटना रीवा शहर से सटे चोरहटा थाना क्षेत्र के अमवा गांव की है. स्थानीय ग्रामीणों की मांने तो गांव में एक प्राचीन दरगाह है जहां पर मुस्लिम कब्रिस्तान भी स्थापित है. बताया गया कि रोजाना की तरह आज सुबह जब लोग कब्रिस्तान पहुंचे तो मौजूद दरगाह पूरी तरह से ढही हुई थी साथ ही कब्रिस्तान में स्थित कब्रो के शिलालेख उखड़े पड़े थे. बताया गया कि दरगाह को जेसीबी की मदद से ढहाया गया है. फिलहाल घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उनके द्वारा कार्यवाही की मांग की जा रही है.

# घोघर मोहल्ले में चोरी छिपे अवैध मटन का कारोबार

## वीडियो वायरल होने पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, नगर निगम द्वारा मांस मटन की बिक्री करने वालो के लिये झिरिया के पास स्थान आवंटित किया गया है. बावजूद इसके घोघर मोहल्ले में चोरी छिपे मटन की अवैध बिक्री की जा रही है. बाहर से शटर में ताला बंद है, लेकिन बगल के रास्ते से पूरा कारोबार चल रहा है. शिकायत के बाद भी नगर निगम कार्यवाही नही कर रहा है.**

रीवा शहर के घोघर क्षेत्र में अवैध मांस बिक्री का एक गंभीर मामला सामने आया है. यहां धीरज नामक युवक द्वारा संचालित 'लकी मटन' दुकान से ही मटन की बिक्री की जा रही है. दुकान में बाहर से तो ताला बंद है लेकिन बगल के चैनल गेट से दुकान के अंदर जाने का दूसरा रास्ता है और वही से बकरा काटकर मटन बेचे जाने का आरोप है. इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सामने आने के बाद नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ग्राहक बनकर घोघर स्थित लकी मटन के दूसरे रास्ते से दुकान के भीतर गया और अवैध कटान



की पूरी प्रक्रिया का वीडियो रिकॉर्ड किया.

वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आवासीय परिसर के भीतर ही बकरे को काटा जा रहा है, वहीं पर मांस के टुकड़े कर ग्राहकों को दिए जा रहे हैं, जबकि काटे हुए बकरे का मांस मौके पर मौजूद था. इसी तरह वही पास में संचालित इंडियन मीट हाउस द्वारा भी चोरी छिपे मीट का कारोबार किये जाने का आरोप लगाया गया. नगर निगम ने सभी मांस मटन की दुकाने झिरिया में स्थापित की है. इसके बावजूद दोनो दुकानदार चोरी छिपे मांस बेच रहे है.

### आवंटित स्थान छोड़ घर से कारोबार

नगर निगम द्वारा मांस बिक्री के लिए सिविल लाइन थाना के बगल झिरिया नाले के ऊपर निर्धारित और आवंटित स्थल मौजूद हैं. इसके बावजूद संबंधित दुकानदार द्वारा आवंटित स्थान पर व्यापार न कर, घनी आबादी वाले क्षेत्र में अपने घर से ही मटन बिक्री की जा रही है जो कि पूरी तरह से गलत है. नगर निगम में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई. स्थानीय लोगो का आरोप है कि अवैध कारोबार को लेकर जब भी विरोध किया जाता है तो दुकानदार धमकी देता है. गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व नगर निगम द्वारा छापामार कार्रवाई कर इसी स्थान पर अवैध मांस बिक्री पकड़ी गई थी. उस समय प्रकरण दर्ज होने की जानकारी भी सामने आई थी. बावजूद इसके आज भी वही अवैध कारोबार बेखौफ जारी है.

### दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख

**रीवा, 4 जनवरी,** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं. इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं. गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है. अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी. इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है. इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी. गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है. योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है. इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है. कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे. बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है.

# तथ्यपरक पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होता है : गौरव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, नववर्ष के अवसर पर भाजपा नेता गौरव तिवारी द्वारा रीवा शहर के हनुमान वाटिका मैरिज गार्डन में पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया गया.**

इस दौरान गौरव तिवारी ने पत्रकारों से संवाद कर नववर्ष की बधाई दीं. उन्होने कहा कि हमारा रीवा संभागीय मुख्यालय होने के कारण यहां के पत्रकार समाज, शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं. जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाना और सरकार की



योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना पत्रकारिता की अहम जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और तथ्यपरक पत्रकारिता से ही लोकतंत्र मजबूत होता है. वही भाजपा नेता गौरव तिवारी ने भाजपा रीवा-मऊगंज के जनप्रतिनिधिगण, संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ भी नववर्ष मिलन समारोह मनाया, जिसमे श्री तिवारी ने सभी के साथ भेंट मुलाकात कर की. गौरव तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द, संवाद और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देते हैं. इस दौरान भाजपा रीवा के ज़िलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, मनगंवा विधायक नरेंद्र प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पांडेय, पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार, रमेश गर्ग, महाबली गौतम, नेत्री अंजू मिश्रा, मनीषा पाठक मौजूद रही.

# कोदों की रोटी चना की भाजी खाने से एक ही परिवार के पांच बीमार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, जिले के सेमरिया थाना अन्तर्गत खम्हरिया गांव में शनिवार को कोदों की रोटी और चना की भाजी खाने से एक मासूम सहित पांच लोग बीमारी हो गये.**

जिन्हे पहले सेमरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया और शाम को रीवा संजय गांधी अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया, जहा सभी का उपचार चल रहा है. दोपहर को कोदों की रोटी और चना की भाजी खाने के कुछ देर बाद सभी की हालत बिगड़ने लगी. उल्टी-दस्त शुरू होने के बाद सभी को मोहल्ले के लोगो ने सेमरिया अस्पताल पहुंचाया. बताया गया है फूड प्वाइजिनिंग के चलते यह स्थित बनी है. फिलहाल शहर के संजय गांधी अस्पताल में एक मासूम और दो महिला एवं दो पुरूष का उपचार चल रहा है, जहा हालत स्थिर बनी हुई है. डाक्टर नजर बनाए हुए है, दरअसल खाने में कोई जहरीला पदार्थ रहा होगा जिसके कारण सभी की हालत खराब हो गई.

# परिवार छत में ले रहा था धूप, घर के अंदर लगी आग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 4 जनवरी, रीवा शहर के बाणसागर कॉलोनी में स्थित रिहायशी मकान में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया है.**

घटना के वक्त घर में रहने वाला पीड़ित परिवार घर की छत पर धूप सेक रहा था, तो वहीं नीचे के कमरों में भीषण आग लगी हुई थी. घर के भीतर से आग की लपटों को निकलता देख मोहल्ले वासियों ने शोर मचाया, जिस दौरान पीड़ित परिवार सहित आस पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो आग भीषण रूप धारण कर चुकी थी, जिस दौरान पहले तो मोहल्ले वासियों ने रेत की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन जब आग नहीं बुझी तो फायर ब्रिगेड की मदद ली गई, जहां दमकल कर्मियों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया गया है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बाणसागर कॉलोनी में रहने वाले राजू उर्फ जफर के मकान में आग लगने से हड़कंप मच गया. बताया गया की घटना के वक्त पीड़ित परिवार के सदस्य अपनी दुकान गए हुए थे, जबकि घर की महिलाएं छत के ऊपर धूप सेक रही थी, इसी बीच कमरों के भीतर भड़की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आग एक कमरे से दूसरे कमरे तक जा फैली. घटना के वक्त मौके पर मची अपरा तफरी के बीच मोहल्ले वासियों ने मिलकर आप पर काबू पाने का प्रयास किया, तो वहीं मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने भी आग बुझाने में मदद की है. प्रथम दृष्टया घर में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है. वही आग लगने की वजह से घर में रखा लाखों कीमती गृहस्थी का सामान भी जलकर खाक हो गया है. लाखों का नुकसान हुआ है. आगमनी की सूचना मिलने पर समान पुलिस मौके पर पहुंची. विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगना माना जा रहा है. समय पर आग पर काबू पाया गया.

### वीडियो कान्फ्रेंसिंग आज

**रीवा, 4 जनवरी,** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे. समीक्षा बैठक 5 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है. कमिश्नर ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं.